पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने एसोसिएशन आफ कम्युनिटी आफ ऑप्थैल्मोलॉजिस्ट आफ इण्डिया सम्मेलन का उद्घाटन किया

लखनऊः 31 अक्टूबर, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज कन्वेंशन सेंटर में आयोजित एसोसिएशन आफ कम्युनिटी आफ ऑप्थैल्मोलॉजिस्ट आफ इण्डिया के छठें वार्षिक सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर कुलपति किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय श्री रविकान्त सहित देश- विदेश से आये प्रतिभागी उपस्थित थे। राज्यपाल ने इस अवसर पर पाकिस्तान के प्रो0 दाऊद खान, बांग्लादेश से आये चिकित्सक मुज्जफर अली सहित नेपाल व अन्य पड़ोसी देशों के विशेषज्ञों को सम्मानित भी किया।

राज्यपाल ने इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि चिकित्सक के पेशे के लिए अद्यतन ज्ञान एवं शोध अत्यन्त जरूरी है। चिकित्सक के लिए मरीज का विश्वास सबसे महत्वपूर्ण है। विज्ञान की तरक्की आम लोगों के लाभ के लिए प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि शहरों के साथ-साथ चिकित्सकों को सप्ताह में एक दिन ग्रामीण क्षेत्र में समाज सेवा करनी चाहिए।

श्री नाईक ने कहा कि नेत्रदान के लिए परिजनों को प्रेरित एवं जागरूक किया जाना चाहिए। नेत्रदान से किसी के जीवन में उजाला करना पुनीत एवं पवित्र कार्य है। देश में एक करोड़ से ज्यादा लोग आँखों के रोग से पीड़ित हैं। उन्होंने कहा कि दूसरों का दुःख दूर करने में सबसे बड़ा आनन्द है।

कार्यक्रम में प्रो0 विनीता सिंह ने स्वागत उद्बोधन दिया। राज्यपाल ने सम्मेलन में आये सभी प्रतिभागियों को सांय को राजभवन में चाय पर आमंत्रित भी किया तथा राजभवन घूमने का आग्रह किया।

ACOIN

ACOIN
LUCKNOW
ACOIN LUCKNOW 2015
International Assembly
&
6th Annual Conference

ACOIN
LUCKNOW
2015
Organized By:
Department
of
ACOIN
International Assembly
Association of Community
ACOIN
2015